i-NEXT PAGE 2

एलयू में बनेगी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही अपने यहां बनी रिसर्च सेल में बदलाव किया जाएगा. इसके स्थान पर अब रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की स्थापना की जाएगी. यूजीसी के संयुक्त सचिव की ओर से एलयू संग सभी राज्य विश्वविद्यालयों को इस संबंध में निर्देश भेजे गए थे, जिसके बाद वीसी प्रो. आलोक कुमार राय के आदेश पर कुलसचिव संजय मेधावी ने इसकी स्थापना के लिए कमेटी का गठन कर दिया है.

आठ केंद्रों पर बीकाम आनर्स की परीक्षाएं

एलयू ने 23 फरवरी से शुरू होने वाली बीकाम आनर्स विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए शुक्रवार को केंद्रों की सूची जारी कर दी. इसके लिए आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर 18 कालेजों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे. छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर परीक्षा केंद्र देख सकते हैं.

13 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

एकेटीयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में बीटेक के 13 विद्यार्थियों का चयन मल्टीनेशनल कंपनी में हुआ है. ब्लू एनालिस्ट के पद पर चयनित इन छात्रों को दो लाख 40 हजार रुपये सालाना का पैकेज मिलेगा. फार्मूलिक इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड चयनित इन छात्रों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.

NBT PAGE 4

एलयू: 22 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट

■ एनबीटी सं., लखनऊ : एलयू में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में शुक्रवार को 22 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इनमें इंजीनियरिंग संकाय के 18 और एमबीए के चार विद्यार्थी शामिल हैं। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय के अनुसार प्लेनेटस्पार्क कंपनी में बीटेक की दिव्यांशी, शिवानी सिंह, अनन्या यादव, जेबा सुल्ताना, आर्यमा पांडेय, प्रांजल यादव, बीसीए के अनुपम पाण्डेय और एमसीए की कृतिका का चयन हुआ है। इसी प्रकार अनओआरजी वेंडर सलूशन में बीटेक के हर्षित शुक्ला, मो. अमान अली, रजनीश कुमार, प्रत्यक्षा बाजपेयी, वरुन कुमार, हिमांशु राय, अतुल कुमार और विजय सिंह का चयन हुआ। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में एमबीए के हिर्देश सिंह, प्रांशी सिंह, शशांक मिश्रा, रिम्मी सिंह का चयन हुआ है। क्रेटा क्लास में बीटेक के अभिषेक पांडेय का चयन हुआ है।

'एवियन जीवों की रक्षा को और प्रयास जरूरी'

■ एनबीटी सं., लखनऊ : एलयू के जूलॉजी विभाग में 'भारतीय पक्षियों के लिए ऊर्जा खतरों' पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता कॉर्बेट फाउंडेशन के वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. असद रफी रहमानी ने कहा कि एवियन जीवों की रक्षा के लिए और प्रयास करने होंगे। शिकार, आवास के विरूपण, आवारा कुत्तों, घास की भूमि को खेतों में बदलने और बांधों के निर्माण को बड़े नदी द्वीपों के साथ प्रजनक पक्षियों के लिए बड़े अपराधी के रूप में समझाया। इस मौके पर प्रो. एम सेराजुद्दीन, प्रो. अमिता कनौजिया, प्रो. निरुपमा अग्रवाल, डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. परमजीत, डॉ. पुष्पक वत्स मौजूद रहे।

JAGRAN CITY PAGE I

एलएलबी के प्रवेश पत्र जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 20 फरवरी से शुरू होने वाली एलएलबी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र शुक्रवार शाम जारी कर दिए। विधि संकाय के डीन प्रोफेसर बीडी सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए 16 केंद्र बनाए गए हैं। दूसरी ओर 23 फरवरी से होने वाली स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रवेश भी जल्द जारी करने की तैयारी चल रही है। (जासं)

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि के 22 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 22 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है। इन्हें सालाना साढ़े छह लाख रुपये तक का पैकेज मिला है। चयनित मेधावियों में 18 इंजीनियरिंग संकाय के व चार एमबीए संकाय के विद्यार्थी हैं। इनमें दिव्यांशी, शिवानी सिंह, अन्नया यादव, जेबा सुल्ताना, आर्यमा पांडेय, प्रांजल यादव, अनुपम पांडेय, कृतिका, हर्षित शुक्ला, मोहम्मद अमान, रजनीश कुमार, प्रत्यक्षा बाजपेई, वरुण कुमार, हिमांशु राय, जेबा सुल्ताना, अतुल कुमार, विजय सिंह, हिर्देश सिंह, प्रांशी सिंह, शशांक मिश्रा, रिम्मी सिंह व अभिषेक कुमार पांडेय शामिल हैं। (संवाद)

एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश पत्र जारी

लखनऊ। लविवि में 20 फरवरी से शुरू हो रही एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के प्रवेश पत्र शुक्रवार को जारी कर दिए गए। विवि की वेबसाइट से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। (संवाद)

DAINIK JAGRAN PAGE 3

लवि : शुरू होगा चूहे और पक्षियों पर शोध

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलाजी विभाग में जल्द ही चूहे, पक्षियों व विभिन्न तरह के पक्षियों पर भी शोध शुरू होगा। इसके लिए विभाग की ओर से 24 फरवरी को इंस्टीट्यूशनल एनिमल एथिक्स कमेटी की बैठक बुलाई गई है। इसमें विभाग के शिक्षकों की ओर से तैयार किए गए 20 प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

जूलाजी विभाग ने अपने यहां हाल ही में लघु पुशओं लघु पशुओं (कृतक, चूहा, मछली और पक्षी) पर अनुसंधान व परीक्षण करने के लिए सुविधा शुरू की है। इन पर शोध के लिए सभी शिक्षकों ने अपने-अपने प्रस्ताव भेजे हैं। विभाग के हेड प्रोफेसर एम सेराजुद्दीन ने बताया कि सात शोध प्रस्ताव मछलियों, चार चिड़ियों और नौ रोडेंट (चूहा, माइस) पर बनाया गया है। फिश बायोडायवर्सिटी पर वह खुद शोध करेंगे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

विश्वविद्यालय के 22 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 18 छात्रों एवं एम.बी.ए के 4 छात्रों का 04 कम्पनियों प्लेनेटस्पार्क, अनओआरजी प्रा. लि., ए.यू स्माल फाइनेंस बैंक, क्रेटा क्लास में प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि प्लेनेटस्पार्क में बीटेक के 06 छात्रों दिव्याशी, शिवानी सिंह, अनन्या यादव, जेबा सुल्ताना, आर्यमा पांडेय, प्रांजल यादव, बीसीए की 01 छात्र अनुपम पाण्डेय और एमसीए की 01 छात्रा कृतिका का चयन बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर आधिकतम 6.50 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर,अनओआरजी वेंडर सलूशन में बीटेक के 09 छात्रों हर्षित शुक्ला, मोहम्मद अमान अली, रजनीश कुमार, प्रत्यक्षा वाजपेयी, वरुन कुमार, हिमांशु राय, जेबा सुल्ताना, अतुल कुमार और विजय सिंह का चयन सेल्स ट्रेनी के पद पर अधिकतम 3.25 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, ए.यू स्मॉल फाइनेंस बैंक में एमबीए(लुम्बा) के 04 छात्रों हिर्देश सिंह, प्रांशी सिंह, शशांक मिश्रा, रिम्मी सिंह का चयन बैंक ऑफिसर के पद पर 3.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा क्रेटा क्लास में बीटेक के छात्र अभिषेक कुमार पांडेय का चयन एकैडमिक मेंटोर के पद पर 5.04 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. ए.के. सिंह ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी।

छात्रों ने पक्षियों के लिए ऊर्जा खतरों को जाना

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। प्रोफेसर असद रफी रहमानी, एक प्रसिद्ध पक्षी विज्ञानी और संरक्षणवादी, वर्तमान में कॉर्बेट फाउंडेशन के वैज्ञानिक सलाहकार और वेटलैंड्स इंटरनेशनल साउथ एशिया के गवर्निंग काउंसिल के सदस्य ने जूलॉजी विभाग में भारतीय पक्षियों के लिए ऊर्जा खतरों पर एक व्याख्यान दिया। प्रोफेसर एम सेराजुद्दीन एवं प्रो. अमिता कनौजिया ने अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं हरीतिमा देकर सम्मानित किया. डॉ. कल्पना सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर प्रो. निरुपमा अग्रवाल, डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. परमजीत, डॉ. पुष्पक वत्स उपस्थित थे। प्रो. रहमानी ने जंगली पक्षियों को लुप्तप्राय क्षेत्र से बाहर रखने और कीमती एवियन जीवों की रक्षा के लिए सक्रिय प्रयासों की वकालत की। उन्होंने शिकार, आवास के विरूपण, आवारा कुत्तों, घास की भूमि को फसल के खेतों में बदलने और बांधों के निर्माण को बड़े नदी द्वीपों के साथ प्रजनक पक्षियों के लिए बड़े अपराधी के रूप में समझाया।

मेगा इवेन्ट में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की प्रेरणा से सांस्कृतिकी के तहत 15 और 16 फरवरी को लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और लखनऊ में हुए इंटरकॉलेजिएट यूथ फेस्ट प्रतियोगिताओं के विजेता शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में एकत्र हुए। इन विद्यार्थियों ने 16 प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। निर्देशिका प्रो मधुरिमा लाल ने कहा कि आज कुलपति महोदय का स्वप्न साकार हो रहा है, जिसमें पांचों जनपदों के महाविद्यालय एक परिवार की तरह यहां उपस्थित है। निर्णायक मंडल में भातखंडे सम विश्वविद्यालय से मोहित कपूर, अनंत प्रजापति, आर्ट्स कॉलेज से डॉ रविकांत, कोपल फाउंडेशन से वीना और मनीषा , प्रसिद्ध कलाकार अयाज खान के साथ विभिन्न महाविद्यालयों से अपनी-अपनी कला में निपुण अध्यापक थे। जिन्होंने एकल गायन, वादन, स्टैंड अप कॉमेडी, मिमिक्री, वाद- विवाद प्रतियोगिता, कविता पाठ, रचनात्मक लेखन, पोस्टर स्केच,फेस पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिताओं में निर्णय दिया। सांस्कृतिकी निदेशक प्रो मधुरिमा लाल, प्रो नुपुर सेन, मुमताज पी जी कॉलेज से प्रो सबा तबस्सुम, प्रो प्रेरणा माथुर, प्रो अलका पांडेय के साथ सांस्कृतिकी की पूरी टीम प्रो श्रुति, डॉ सुनीता श्रीवास्तव, डॉ वैशाली सक्सेना डॉ अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ उत्कर्ष मिश्रा आदि के साथ बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र- छात्राओं ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। आज के इस मेगाफेस्ट में 46 महाविद्यालयों के कुल 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

● केडी सिंह बाबू स्टेडियम में लगाया शिविर.

अनाउंस कर दी गई एलयू की क्रिकेट टीम

कुरुक्षेत्र में 23 फरवरी से होनी है नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप

टीम

पवन सिंह, अमन चौधरी, अली जाफिर मोहसिन, लव तिवारी, कबीर अहमद, नमन तिवारी, आदित्य सिंह, ऋतुराज सिंह, प्रदीप कुमार, अभिषेक चौरसिया, अमन गुप्ता, प्रशांत कुमार यादव, अपूर्व विनायक तिवारी, तुषार वर्मा, कुशाग्र त्रिपाठी, रंजीत गौतम. स्टैंडबाई : कुश तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र, अभिषेक कुमार, कुशाग्र प्रताप सिंह, विशाल रावत.

LUCKNOW (17 Feb): हरियाणा के कुरुक्षेत्र में होने वाली नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी की टीम शुक्रवार को घोषित कर दी गई. 23 फरवरी से होने वाली प्रतियोगिता के लिए दो दिवसीय चयन एवं तीन दिवसीय शिविर के बाद लखनऊ विश्वविधालय एथलेटिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन प्रो. रूपेश कुमार, सेलेक्टर ज्ञानेंद्र पाण्डेय और उबैद कमाल की मौजूदगी में की गई. टीम 21 फरवरी को रवाना होगी. एलयू का पहला मुकाबला 23 फरवरी को पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से होगा. प्रोफेसर रूपेश कुमार ने बताया कि चयन प्रक्रिया में लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया एवं दो दिवसीय चयन प्रक्रिया के बाद तीन दिवसीय शिविर का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया. शिविर के बाद 16 सदस्य टीम की घोषणा की गई.

JAGRAN CITY PAGE I

लवि : 65 कालेजों को मिली नए कोर्सों की एनओसी

अखिल सक्सेना ● लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने 65 डिग्री कालेजों को नए कोर्सों के लिए सशर्त अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) दे दिए हैं। इनमें एलएलबी, बीबीए, बीए, बीएससी, बीसीए सहित स्नातक व परास्नातक के अलग-अलग पाठ्यक्रम शामिल हैं।

लवि से जुड़े पांच जिलों में 545 कालेज संचालित हैं। सत्र 2023-24 के लिए 35 नए कालेजों एवं 65 नए कोर्स खोलने के लिए पुराने कालेजों ने आनलाइन आवेदन किया था। 65 कालेजों को नए कोर्सों के लिए कुलसचिव ने सशर्त एनओसी दे है। अब इन सभी को पाठ्यक्रम के संचालन से पहले सहयुक्तता की प्रक्रिया पूरी करनी होगी, जिसमें मानक के अनुसार भूमि, भवन व अन्य अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता करनी होगी।

65 डिग्री कालेजों ने नए कोर्सों के लिए आनलाइन आवेदन किया था। अभिलेखों एवं परीक्षण के बाद उन्हें सशर्त अनापत्ति दी गई है। सहयुक्तता की प्रक्रिया पूरी करने के बाद इन कोर्सों का संचालन किया जा सकेगा।

संजय मेधावी, कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय

आठ केंद्रों पर बीकाम आनर्स की परीक्षा

लवि ने 23 फरवरी से शुरू होने वाली बीकाम आनर्स विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी। आठ परीक्षा केंद्रों पर 18 कालेजों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। www.lkouniv.ac.in पर अपना केंद्र देख सकते हैं। बीकाम आनर्स की परीक्षा के लिए लवि (ओल्ड कैंपस), श्री जय नारायण डिग्री कालेज चारबाग, श्री गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, रामा डिग्री कालेज विनहट, इरम गर्ल्स डिग्री कालेज इंदिरा नगर, अर्जुनगंज विद्या मंदिर, कैरियर फार्मेट गर्ल्स डिग्री कालेज विकास नगर, गोयल इंस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीज फैजाबाद रोड को केंद्र बनाया गया है। 23 से बीकाम आनर्स पांचवें, 27 से पहले व 28 फरवरी से तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा होगी।

बनेगी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल

लवि में जल्द ही रिसर्च सेल के स्थान पर रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की स्थापना की जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय सहित सभी राज्य विश्वविद्यालयों को इस संबंध में निर्देश भेजे गए थे, जिसके बाद कुलपति प्रो आलोक राय के आदेश पर कुलसचिव संजय मेधावी ने इसकी स्थापना के लिए कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी में प्रो पूनम टंडन, प्रो विवेक सहाय और प्रो मनोज अग्रवाल शामिल हैं। कमेटी बैठक कर तय करेगी कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल में शोध को बढ़ावा देने के लिए किस तरह कार्य होंगे। शोधार्थियों को इससे क्या लाभ होगा। प्रस्ताव तैयार होने के बाद इसे कार्य परिषद में मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

शिया कालेज में नौ साल बाद नए कोर्स: शिया पीजी कालेज को 2013 के बाद आठ नए कोर्सों के लिए एनओसी मिली है। सहयुक्तता मिलने के बाद स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत विधि (पांच वर्षीय), बीसीए, बीजेएमसी, एमए शिक्षा शास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र, एमएससी रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान कोर्स शुरूहोंगे। शिया कालेज डेटा रिसोर्स सेल के निदेशक डा. प्रदीप शर्मा ने बताया कि नैक से ए ग्रेड मिलने के बाद नए कोर्स के लिए रास्ता खुल गया है। अब सहयुक्तता की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

कालीचरण पीजी कालेज चौक : इस कालेज को स्ववित्तपोषित योजना के तहत बीए में अतिरिक्त विषय के में अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, बीएससी में जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान व एमए राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम के लिए एनओसी मिली है।

बीएसएनवी पीजी कालेज चारबाग : यहां नए कोर्स में बीबीए, बीसीए, एमए शिक्षा शास्त्र व एमएससी भू-गर्भ विज्ञान के लिए एनओसी मिली है। कालेज में पिछले साल भी पीजी के नए कोर्स खोले गए थे।

22 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

लवि के इंजीनियरिंग संकाय की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव में 22 विद्यार्थियों को चयन हुआ है। प्लेसमेंट प्रभारी डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक की दिव्याशी, शिवानी सिंह, अनन्या, जेबा, आर्यमा पांडेय, प्रांजल यादव, बीसीए के अनुपम पांडेय, एमसीए की कृतिका का चयन बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर आधिकतम 6.50 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। एमबीए (लुम्बा) के हिर्देश सिंह, प्राशी सिंह, शशांक मिश्रा, रिम्मी सिंह का चयन बैंक आफिसर पर तीन लाख प्रतिवर्ष पर तथा बीटेक के अभिषेक पांडेय का चयन एकैडमिक मेंटोर पर 5.04 लाख प्रतिवर्ष पर चयन हुआ है। यहीं, एकेटीयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में बीटेक के 13 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि के 22 और एकेटीयू के 13 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 18 एवं एमबीए के चार छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट के तहत जॉब ऑफर हुई है। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि प्लेनेटस्पार्क में बीटेक के छह विद्यार्थियों दिव्याशी, शिवानी सिंह, अनन्या यादव, जेबा सुल्ताना, आर्यमा पांडेय, प्रांजल यादव, बीसीए का एक छात्र अनुपम पाण्डेय और एमसीए की एक छात्रा कृतिका का चयन बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर आधिकतम 6.50 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। वहीं, अनओआरजी वेंडर सलूशन में बीटेक के नौ छात्रों हर्षित शुक्ला, मोहम्मद अमान अली, रजनीश कुमार, प्रत्यक्षा वाजपेयी, वरुण कुमार, हिमांशु राय, जेबा सुल्ताना, अतुल कुमार और विजय सिंह का चयन सेल्स ट्रेनी के पद पर अधिकतम 3.25 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में एमबीए(लुम्बा) के चार छात्रों हृदेश सिंह, प्रांशी सिंह, शशांक मिश्रा, रिम्मी सिंह का चयन बैंक ऑफिसर के पद पर तीन लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा क्रेटा क्लास में बीटेक के छात्र अभिषेक कुमार पांडेय का चयन एकेडमिक मेंटोर के पद पर 5.04 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है।

युवा महोत्सव में छात्रों ने दिखाया हुनर

लखनऊ विवि में जुटे पांच जनपदों के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) के इंटरकॉलेजिएट युवा महोत्सव में प्रतियोगिताओं के विजेता लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस में जमा हुए। इन विद्यार्थियों ने 16 प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। शुक्रवार को इस मेगाफेस्ट में 46 महाविद्यालयों के 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इंटरकॉलेजिएट यूथ फेस्ट प्रतियोगिताओं में लविवि की सांस्कृतिक निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने कहा कि कुलपति का स्वप्न साकार हो रहा है, जिसमें पांचों जनपदों के महाविद्यालय एक परिवार की तरह यहां उपस्थित हैं। निर्णायक मंडल में भातखंडे सम विश्वविद्यालय से मोहित कपूर, अनंत प्रजापति, आर्ट्स कॉलेज से डॉ रविकांत, कोपल फाउंडेशन से वीना जी और मनीषा जी, प्रसिद्ध कलाकार अयाज खान के साथ विभिन्न महाविद्यालयों से अपनी अपनी कला में निपुण अध्यापकों ने एकल गायन, वादन, स्टैंड अप कॉमेडी, मिमिक्री, वाद-विवाद प्रतियोगिता, कविता पाठ, रचनात्मक लेखन, पोस्टर स्केच,फेस पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिताओं में निर्णय दिया।

सांस्कृतिक निदेशक प्रो मधुरिमा लाल, प्रो. नुपुर सेन, मुमताज पीजी कॉलेज से प्रो.सबा तबस्सुम, प्रो. प्रेरणा माथुर, प्रो. अलका पांडेय के साथ सांस्कृतिक की पूरी टीम प्रो. श्रुति, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. वैशाली सक्सेना डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ. उत्कर्ष मिश्रा आदि के साथ बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

विजेता छात्र-छात्राओं के साथ लविवि के शिक्षक। अमृत विचार

उत्साह

● 46 महाविद्यालयों के 350 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

VoL PAGE 5

छात्रों ने अपनी कला कौशल का दिया परिचय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पांचों जिलों के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की प्रेरणा से सांस्कृतिकी के तहत 15 और 16 फरवरी को लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और लखनऊ में हुए इंटरकॉलेजिएट यूथ फेस्ट प्रतियोगिताओं के विजेता शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में एकत्र हुए। इन विद्यार्थियों ने 16 प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। निर्देशिका प्रो मधुरिमा लाल ने कहा कि आज कुलपति का स्वप्न साकार हो रहा है, जिसमें पांचों जनपदों के महाविद्यालय एक परिवार की तरह यहां उपस्थित हैं। निर्णायक मंडल में भातखंडे सम विश्वविद्यालय से मोहित

कपूर, अनंत प्रजापति, आर्ट्स कॉलेज से डॉ रविकांत, कोपल फाउंडेशन से वीना और मनीषा, प्रसिद्ध कलाकार अयाज खान के साथ विभिन्न महाविद्यालयों से अपनी-अपनी कला में निष्णात अध्यापक थे। जिन्होंने एकल गायन, वादन, स्टैंड अप कॉमेडी, मिमिक्री, वाद- विवाद प्रतियोगिता, कविता पाठ, रचनात्मक लेखन, पोस्टर स्केच,फेस पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिताओं में निर्णय दिया। सांस्कृतिकी निदेशक प्रो मधुरिमा लाल, प्रो नुपुर सेन, मुमताज पी जी कॉलेज से प्रो सबा तबस्सुम, प्रो प्रेरणा माथुर, प्रो अलका पांडेय के साथ सांस्कृतिकी की पूरी टीम प्रो श्रुति, डॉ सुनीता श्रीवास्तव, डॉ वैशाली सक्सेना डॉ अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ उत्कर्ष मिश्रा आदि के साथ बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। इस मेगाफेस्ट में 46 महाविद्यालयों के कुल 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

VoL PAGE 5

लुप्तप्राय जीवों को बचाने की वकालत

लखनऊ। लविवि के जूलॉजी विभाग में शुक्रवार को भारतीय पक्षियों के लिए ऊर्जा खतरों पर एक व्याख्यान आयोजित हुआ। इस व्याख्यान को प्रो. असद रफी रहमानी, एक प्रसिद्ध पक्षी विज्ञानी और संरक्षणवादी, वर्तमान में कॉर्बेट फाउंडेशन के वैज्ञानिक सलाहकार और वेटलैंड्स इंटरनेशनल साउथ एशिया के गवर्निंग काउंसिल के सदस्य ने सम्बोधित किया। प्रो. रहमानी ने जंगली पक्षियों को लुप्तप्राय क्षेत्र से बाहर रखने और कीमती एवियन जीवों की रक्षा के लिए सक्रिय प्रयासों की वकालत की। उन्होंने शिकार, आवास के विरूपण, आवारा कुत्तों, घास की भूमि को फसल के खेतों में बदलने और बांधों के निर्माण को बड़े नदी द्वीपों के साथ प्रजनक पक्षियों के लिए बड़े अपराधी के रूप में समझाया। प्रो. एम सेराजुद्दीन एवं प्रो. अमिता कनौजिया ने अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं हरीतिमा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कल्पना सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. निरुपमा अग्रवाल, डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. परमजीत, डॉ. पुष्पक वत्स उपस्थित रहे।

LOK SATYA PAGE 3

यूथ फेस्ट में पांच जिलों के स्टूडेंट्स ने दिखाया उत्साह

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ यूनिवर्सिटी सांस्कृतिकी के तहत 15 और 16 फरवरी को लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और लखनऊ में हुए इंटर कॉलेजिएट यूथ फेस्ट प्रतियोगिताओं के विजेता शुक्रवार को इकट्ठा हुए। स्टूडेंट्स ने 16 प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी।

निर्देशिका प्रो मधुरिमा लाल ने कहा कि पांचो जिलो के महाविद्यालय एक परिवार की तरह यहां मौजूद है। निर्णायक मंडल में भातखंडे सम विश्वविद्यालय से मोहित कपूर, अनंत प्रजापति, आर्ट्स कॉलेज से डॉ रविकांत, कोपल फाउंडेशन से वीना जी और मनीषा , प्रसिद्ध कलाकार अयाज खान के साथ विभिन्न महाविद्यालयो के कला अध्यापक मौजूद थे। जिन्होंने एकल गायन, वादन, स्टैंड अप कॉमेडी, मिमिक्री, वाद- विवाद प्रतियोगिता, कविता पाठ, रचनात्मक लेखन, पोस्टर स्केच,फेस पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिताओं में निर्णय दिया। सांस्कृतिकी निदेशक प्रो मधुरिमा लाल, प्रो नुपुर सेन, मुमताज पी जी कॉलेज से प्रो सबा तबस्सुम, प्रो प्रेरणा माथुर, प्रो अलका पांडेय के साथ सांस्कृतिकी की पूरी टीम प्रो श्रुति, डॉ सुनीता श्रीवास्तव, डॉ वैशाली सक्सेना डॉ अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ उत्कर्ष मिश्रा सहित अन्य ने सहयोग किया। मेगाफेस्ट में 46 महाविद्यालयों के कुल 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

एक प्रसिद्ध पक्षी विज्ञानी और संरक्षणवादी, वर्तमान में कॉर्बेट फाउंडेशन के वैज्ञानिक सलाहकार और वेटलैंड्स इंटरनेशनल साउथ एशिया के गवर्निंग काउंसिल के सदस्य प्रो असद रफी रहमानी, ने जूलॉजी विभाग में भारतीय पक्षियो के लिए ऊर्जा खतरो पर एक व्याख्यान दिया।